an>

Title: Regarding Need to address acute shortage of drinking water in Banda and Chitrakoot districts of Uttar Pradesh.

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र बांदा (उत्तर प्रदेश) जनपद बांदा एवं चित्रकूट बुन्देलखण्ड में आता है। मेरे क्षेत्र में पाठा क्षेत्र भी आता है जहाँ पानी अनमोल माना जाता है। पूरे संसदीय क्षेत्र में पेयजल का गम्भीर संकट उत्पन्न है। पिछले काफी समय से मेरे संसदीय क्षेत्र में नये हैण्डपम्प नहीं लगाये जा रहे हैं। केवल कुछ हैण्डपम्पों के रिबोरिंग के लिए ही धन आवंटित किया जाता है। हजारों प्रार्थना पत्र नये हैण्डपम्प लगाने हेतु लम्बित हैं जिनका सर्वेक्षण भी संबंधित विभाग द्वारा कराया जा चुका है। क्षेत्र में भीषण पेयजल का संकट है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि पेयजल की समस्या के समाधान हेतु केन्द्र सरकार मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जनपदों बांदा व चित्रकूट में त्वरित रूप से 500-500 नये हैण्डपम्प देकर पेयजल समस्या का समाधान कराने की कृपा करें।